भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं 3499**
दिनांक 17.12.2024 को उत्तरार्थ

**पंचायती राज संस्थानों के माध्यम से सतत विकास लक्ष्य**

3499. डॉ. हेमंत विष्णु सवराः
श्री तापिर गावः

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण द्वारा ग्रामीण विकास पर क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ख) पालघर जिले सहित महाराष्ट्र राज्य में सतत विकास लक्ष्य का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

पंचायती राज राज्य मंत्री

(प्रो. एस. पी. सिंह बघेल)

(क) और (ख) मंत्रालय ने सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) के प्रति एक विषयगत दृष्टिकोण विकसित किया है, जिसके तहत 17 SDGs को समेकित करते हुए 9 विषय तैयार किए गए हैं, ताकि SDGs को ग्रामीण स्तर पर लोगों के लिए समझने योग्य बनाया जा सके और समुदाय की भागीदारी से विकास को बढ़ावा दिया जा सके। इन प्रत्येक विषयों में कई SDGs शामिल हैं और इन्हें विभिन्न नोडल मंत्रालयों/विभागों से मैप किया गया है जिससे की SDGs का स्थानीयकरण किया जा सके और ग्राम पंचायत स्तर पर संसाधनों का बेहतर समन्वय और संवर्धन हो सके। पंचायतों में सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण (LSDGs) की प्रक्रिया को गति देने के लिए, ग्राम पंचायतें समग्र विकास के लिए विषयगत ग्राम पंचायत विकास योजनाएं (जीपीडीपी) तैयार कर रही हैं। ग्राम पंचायतें उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए, स्थानीय विकास के मुद्दों, आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुसार पहचाने गए विषयों पर ग्राम पंचायतों द्वारा लिए गए विषयगत संकल्प के आधार पर समग्र विकास के लिए विषयगत ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार कर रही है। ऐसे संसाधनों का प्रमुख स्रोतो में से एक केंद्रीय वित्त आयोग द्वारा ग्रामीण स्थानीय निकायों को दी गई अनुदान हैं। वर्ष 2024-25 के दौरान, महाराष्ट्र राज्य को पालघर जिले सहित 15वें वित्त आयोग के तहत 1619.42 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। यह राशि पंचायतों द्वारा, उनके द्वारा लिए गए संकल्प के आधार पर तैयार किए गए विषय आधारित पंचायत विकास योजना की गतिविधियों पर खर्च की जाएगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास प्राप्त किया जा सके।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य के ग्राम पंचायतों, जिसमें पालघर जिला भी शामिल है, ने योजना वर्ष 2024-25 के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास के उद्देश्य से अपने ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) तैयार करने के लिए निम्नलिखित विवरण के अनुसार मुख्य विषय के रूप में संकल्प लिया है -

| योजना वर्ष | राज्य / जिला | गरीबी मुक्त और सशक्त जीविका युक्त ग्राम पंचायत | स्वस्थ ग्राम पंचायत | बाल - हितैषी ग्राम पंचायत | जल पर्याप्त ग्राम पंचायत | स्वच्छ और हरित ग्राम पंचायत | आधारभूत संरचना से आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत | सामाजिक रुप से न्याय और सामाजिक रुप से सुरक्षित ग्राम पंचायत | सुशासन युक्त ग्राम पंचायत | महिला - हितैषी ग्राम पंचायत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2024-2025 | महाराष्ट्र | 4229 | 1022 | 2464 | 7051 | 5087 | 7218 | 250 | 2253 | 1365 |
| 2024-2025 | पालघर | 2 | 48 | 108 | 154 | 161 | 77 | 0 | 28 | 1 |

****